www.kahaar.in

ISSN (p): 2394-3912
ISSN (e): 2395-9369
त्रैमासिक 8 (4) अक्टूबर – दिसम्बर, 2021
प्रिंट कापी : रूपये 50/–
ऑनलाइन : रूपये 25/–

कहार

जन विज्ञान की बहुभाषाई पत्रिका

KAHAAR

A multilingual magazine for common people

प्रकाशक
प्रोफेसर एच.एस. श्रीवास्तव फाउण्डेशन फॉर साइंस एण्ड सोसाइटी, लखनऊ
(www.phssfoundation.org)
सह–प्रकाशक
पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति, लखनऊ
(www.prithvipur.org)
बचपन क्रिएशन्स
(www.bachpanexpress.com, www.bachpancreations.com)
सोसायटी फॉर इन्वायरमेन्ट एण्ड पब्लिक हेल्थ (सेफ), लखनऊ

Prof. H. S. Srivastava Foundation for Science & Society, Lucknow

PHSS Foundation Awardees for Year 2020-21

A meeting of the selection Committee to decide the Awardees of PHSS Foundation Awards (2020-21) was held on **21st November, 2021** at **CSIR-National Botanical Research Institute, Rana Pratap Marg, Lucknow-226001 both in online and physical mode**. The following nominees were unanimously selected for different PHSS Awards for Year 2020-21.

Name of the Award	Name of the Awardees
PHSS Foundation Life Time Achievement Award	**Professor Sudhir Kumar Sopory**, Former Vice Chancellor, JNU, New Delhi
PHSS Foundation Award for Social Contribution	**Dr. Gangula V. Ramanjaneyulu,** Exe. Director, Centre for Sustainable Agriculture, Hyderabad
PHSS Foundation Award For Science Communication	**Dr. Manoj Kumar Patairiya,** Former Adviser/Scientist G, SERC, DST, New Delhi **&** **Mr. Birat Raja Padhan**, Distt. Consultant, Odisha
PHSS Foundation Woman Leadership Award	**Dr. Paramjit Khurana,** Professor University of Delhi, Delhi **&** **Dr. Renu Tripathi,** Chief Scientist, CSIR-CDRI, Lucknow
PHSS Foundation Young Scientist Award (a) Physical Sciences and Engineering	**Dr. Satyanarayan Patel,** Assistant Professor, IIT, Indore
PHSS Foundation Young Scientist Award (b) Life Sciences, Environmental Sciences and Agricultural Sciences	**Dr. CD Mohan,** Assistant Professor Department of Studies in Molecular Biology, University of Mysore, Manasagangotri Mysore

कहार

जन विज्ञान की बहुभाषाई पत्रिका

त्रैमासिक 8 (4) अक्टूबर – दिसंबर, 2021

प्रधान संपादक
प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह, लखनऊ

सम्पादक
डॉ. राम स्नेही द्विवेदी
प्रो. गोविन्द जी पाण्डेय
डॉ. संजय द्विवेदी

सह-सम्पादक
डॉ. अरविन्द कुमार सिंह, लखनऊ
डॉ. मानस गोस्वामी, तिरूबररूर
डॉ. नागेन्द्र कुमार सिंह, अमरकटँक
डॉ. सीमा मिश्रा, गोरखपुर
श्री आकाश वर्मा, लखनऊ
श्री नन्द किशोर गुप्ता, देवघर
डॉ. पीयूष गोयल, नई दिल्ली
डॉ. रूद्र प्रताप सिंह, मऊ
डॉ. राजेश वाजपेयी, लखनऊ
श्री आदेश सिंह, बसई, अलीगढ़

सम्पादक मण्डल
डॉ. वेदप्रकाश पाण्डेय, बालापार, गोरखपुर
डॉ. रामचेत चौधरी, गोरखपुर
प्रोफेसर राकेश सिंह सेंगर, मेरठ
डॉ. सुमन कुमार सिन्हा, गोरखपुर
प्रोफेसर रामचन्द्र, लखनऊ
डॉ. अनुज कुमार सक्सेना, सीतापुर
डॉ. अर्चना (सेंगर) सिंह, कनिकट (यूएस.ए.)

सलाहकार मण्डल
प्रोफेसर सरोज कान्त बारिक, लखनऊ
प्रोफेसर प्रहलाद के. सेठ, लखनऊ
प्रोफेसर प्रफुल्ल वी. साने, जलगाँव
प्रोफेसर रामदेव शुक्ल, गोरखपुर
प्रोफेसर शशि भूषण अग्रवाल, वाराणसी
डॉ. एस.सी. शर्मा, लखनऊ
प्रोफेसर सूर्यकान्त, लखनऊ
प्रो. अरूण पाण्डेय, भोपाल
डॉ. रूद्रदेव त्रिपाठी, लखनऊ
प्रोफेसर रणवीर दहिया, रोहतक
प्रोफेसर एन. रघुराम, दिल्ली
प्रोफेसर उमेश वशिष्ठ, लखनऊ
इ. रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ
डॉ. सिराज वजीह, गोरखपुर
डॉ. मधु भारद्वाज, लखनऊ
प्रो. उपेन्द्र नाथ द्विवेदी, लखनऊ
प्रोफेसर मालविका श्रीवास्तव, गोरखपुर
डॉ. निहारिका शंकर, नोएडा
श्री सुधीर शाही, तुर्क पट्टी
श्री उपेन्द्र प्रताप राव, दुदही
इं. तरूण सेंगर, इरविन अमेरिका
डॉ. पूनम सेंगर, चण्डीगढ़
श्री अविनाश जैसवाल, दुदही

आवरण फोटो
श्री प्रकाशवीर सिंह, लखनऊ
प्रबन्ध-सम्पादक
श्री अंचल जैन, लखनऊ
सोशल मीडिया
श्री रंजीत शर्मा, लखनऊ
श्री कृष्णानंद सिंह
श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह, लखनऊ

संपादकीय पता
04, पहली मंजिल, एल्डिको एक्सप्रेस प्लाजा, शहीद पथ उतरेठिया, रायबरेली रोड, लखनऊ–226 025 भारत
ई–मेल : phssoffice@gmail.com/dr.ranapratap59@gmail.com
वेबसाइट : www.kahaar.in
https://www.facebook/kahaarmagazine.com

सहयोग राशि	प्रिंटकापी	ऑनलाइन
एक प्रति	: 50 रूपये	25 रूपये
वार्षिक	: 180 रूपये	80 रूपये

(प्रिंटकापी की कम से कम 100 प्रतियों का ही आर्डर स्वीकार किया जायेगा।)

सहयोग राशि 'प्रोफेसर एच.एस. श्रीवास्तव फाउण्डेशन फॉर साइंस एण्ड सोसायटीः लखनऊ' के नाम भेजें।
खाता संख्या– 2900101002506, कैनरा बैंक, बी.बी.ए. विश्वविद्यालय, लखनऊ
IFSC Code - CNRB-0002900

घोषणा

लेखकों के विचार से 'कहार' की टीम का सहमत होना जरूरी नहीं। किसी रचना में उल्लेखित तथ्यात्मक भूल के लिए 'कहार' की टीम जिम्मेदार नहीं होगी।

लेखकों के लिए

वैचारिक रचनाओं में आवश्यक संदर्भ भी दें एवं इन संदर्भों का विस्तार रचना के अन्त में प्रस्तुत करें। अंग्रेजी रचनाओं का हिन्दी तथा हिन्दी सहित अन्य भाषाओं की रचनाओं का अंग्रेजी या हिन्दी में सारांश दें। मौलिक रचनाओं के साथ रचना के स्वलिखित, मौलिक एवं अप्रकाशित होने का प्रमाणपत्र दें। लेखक पासपोर्ट साइज फोटो भी भेंजे। रचनाऐं English के Times New Roman (12 Point) और हिन्दी के लिए कृति देव 10 में Word Format (Window 2003) में टाइप करें। तस्वीरें, चित्र, रेखाचित्र आदि PDF Format में भेंजे।

विज्ञापन दाताओं के लिए

विज्ञापन की विषय वस्तु के साथ ही भुगतान 'प्रोफेसर एच.एस. श्रीवास्तव फाउण्डेशन फॉर साइंस एण्ड सोसायटी, लखनऊ' के नाम मल्टीसिटी चेक या बैंक ड्राफ्ट द्वारा सम्पादकीय पते पर भेजें। ऑनलाइन पेमेंट उपरोक्त* बैंक खाते में कर सकते है।

रूपये 6000/– पूरा पृष्ठ (सादा) रूपये 4000/– आधा पृष्ठ (सादा)
रूपये 10000/– पूरा पृष्ठ (रंगीन) रूपये 6000/– आधा पृष्ठ (रंगीन)

For Advertisers

Please send payment in form of DD or multicity cheques in favour of 'Professor H.S. Srivastava Foundation for Science and Society' Payable at Lucknow along with subscription forms or Advertisement draft. Online Payment can also be made in the account marked above as*.

Rs. 6000/- Full Page (B/W) Rs. 4000/- Half Page (B/W)
Rs. 10000/- Full Page (Color) Rs. 6000/- Half Page (Color

कहार एक पारम्परिक मनुष्य वाहक के लिए प्राचीन देशज सम्बोधन है। कहार की तरह ही यह पत्रिका जानकारियों एवं लोगों के बीच सेतु बनने की कोशिश कर रही है।

अनुक्रमणिका

क्र०सं०	विषय		पृष्ठ संख्या
01	सम्पादकीय	प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह	01
02	Editorial	Prof. Rana Pratap Singh	03
03	रक्त–जनित हेपेटाइटिस की खोजों पर मिला है इस वर्ष का मेडिसीन या फिजियोलॉजी का नोबेल पुरस्कार	डॉ0 यूसुफ़ अख़्तर	05
04	जलवायु परिवर्तन के दौर में जैविक खेती की प्रासंगिकता : विधि एवं लाभ	डॉ0 शिव मंगल प्रसाद, श्री पंकज कुमार सिंह, श्रीमती निकिता कुमारी एवं डॉ0 रंजय कुमार सिंह	07
05	बाल कविता– मैं	कुमारी अनिका मिश्रा	09
06	वर्मी कम्पोस्टः केंचुए का कृषि में महत्त्वपूर्ण योगदान	डॉ0 बरखा वैश्य, श्री वैभव श्रीवास्तव, डॉ0 राजीव प्रताप सिंह	10
07	''प्लास्टिक ट्रे'' शंकर सब्जियों की उत्तम पौध तैयार	श्री सूर्य प्रताप सिंह, श्रीमती वर्षा रानी एवं प्रो0 आर.एस. सेंगर	12
08	अन्नदाता की आये बढ़ाने में लाभकारी ड्रोन	डॉ. आर.एस. सेंगर, कृशानु एवं वर्षा रानी	14
09	अवधी कविता– बनारस	अज्ञात	17
10	Upgrading Farmers Involved in Agriculture Practices	Shivom Singh and Kajal S. Rathore	18
11	हरियाणवी रागनी– शहीद भगत सिंह	प्रो0 रणबीर दहिया, रोहतक	19
12	Methods for Reduction of Arsenic from Cooked Rice	Apoorv Gupta, Ravi Kumar Tiwari, Dr. Sanjay Dwivedi, Dr. Seema Mishra	20
13	Extraterrestrial Radiation Dynamics Over Mango Orchards	Tarun Adak, Vinod Kumar Singh and Naresh Babu	28
14	Foldscope: An Eye Behind The Microscopic World	Rahul Negi, Dr. Rahul Kunwar Singh	31

सम्पादकीय

वैज्ञानिक दृष्टिकोण; आपदाएं और पर्यावरण प्रबन्धन

एक दौर ऐसा भी आया कि कोरोना की बार-बार उठ रही लहरों ने भारत सहित अनेक देशों की विशाल आबादी को सदमे और लाचारी से झकझोर कर रख दिया। कोरोना से बचने के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित टीका आ गया है। टीके का सही असर आंकने में अभी समय लगेगा, हालाँकि विशेषज्ञ अभी टीके को ही कोरोना से लड़ने का प्रमुख हथियार मान रहे हैं। भारत जैसे देश में टीके की कीमत देकर गरीब और कम जागरूक लोगों का टीकाकरण कराना कठिन है। ऐसे में भारत सरकार ने सबको निःशुल्क टीका उपलब्ध कराने का फैसला लिया है, उसका स्वागत होना चाहिए। ऐसे कदम अन्य देशों से भी अपेक्षित हैं। महामारी राष्ट्रीय प्रबंधन का विषय है, इसलिए इसके प्रबंधन के लिए आम लोगों पर अधिक भार डालना व्यावहारिक नहीं है। अब दुनिया भर में कोरोना वायरस के अनेकों आक्रामक म्यूटेंट बन गए हैं, जो पिछले दिनों के खुले विश्व में यात्रियों के साथ-साथ एक देश से दूसरे देश और एक जगह से दूसरी जगह आते जाते रहे और बीमारी को फैलाते रहे। अनेक स्थानीय कारणों से भी लोग चाहे अनचाहे रोग ग्रस्त लोगों के संपर्क में आ गए, जैसे चुनावों, धार्मिक जुटानों, सांस्कृतिक त्योहारों, विवाह समारोहों और सार्वजनिक रैलियों में बड़े पैमाने पर लोगों के पास-पास आने से इसके त्वरित फैलाव की अधिक संभावनाएं बनी, जो इस महामारी की दूसरी लहर के उछाल और मौतों में बहुत बड़ा कारण बनीं ।

कोरोना काल में यह अधिक परिलक्षित हुआ है, कि हमारे समाज और हमारे रिश्तों में प्रेम और त्याग का अभाव बढ़ रहा है। हमारी मानवीय चिंताएं और सहयोग की भावनाएं बड़े पैमाने पर मरती जा रही हैं। हमने अपने आत्मीयों,करीबियों और जरूरतमंदों से उनके संकट के क्षणों में दूरी बना ली और उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। हालाँकि सहयोग करने वाले हाथ भी सक्रिय रहे, पर उतने नहीं जितने होने चाहिए थे । क्या यह सब मात्र डर, भ्रम और स्वार्थ के चलते हो रहा है, या इसका मुख्य कारण हमारी संस्कृति में व्यक्तिवाद, स्वार्थ और अमानवीयता का बढ़ता प्रभाव है ? क्या हमारे व्यक्तित्व में, हमारी संस्थाओं में, हमारे समाज में तथा हमारी व्यवस्थाओं के वैचारिक विमर्श में स्वार्थपरता, अवैज्ञानिकता, अस्पष्टता, आपाधापी तथा गैर पेशेवरपन बढ़ रहे हैं ? इस पर गंभीरता से बिना किसी वैचारिक, सांस्कृतिक तथा राजनैतिक पक्षधरता के विचार किया जाय तो हमें चिंतित होना पड़ेगा। पिछले कोरोना उफान के पहले का लाक डाउन कोरोना के पहले लहर में इसके प्रसार को रोकने में अत्यंत प्रभावी रहा था, तब भी भारत सहित अनेक देशों की सरकारें आर्थिक गतिविधियों के दबाव में दूसरी लहर में लाक डॉउन को लंबे समय तक टालती रहीं। हाँलांकि लाकडाउन आखिर लगाना ही पड़ा और तब कोरोना के आकड़े घटने शुरू हुए। दूसरी लहर की आपाधापी कुछ तथ्यों की ओर इंगित करती है, जिन पर हमें विचार करना चाहिए।

1). हमने अपने पुराने अनुभवों को विश्लेषित नहीं किया और समझ नहीं सके ,कि महामारी की पहली लहर में भारत के कोविड प्रबंधन की सफलता में लॉकडाउन एक महत्वपूर्ण कुंजी थी। जबकि पिछली बार और इस बार भी हमारे राजनीतिक दल, व्यापारी और नागरिक समाज लॉकडाउन और कोविड से बचने के लिए तय प्रावधानों पर सख्ती के मुद्दों पर बटें हुए नजर आए तथा महामारी के संकट का राजनैतिक लाभ लेने के लिए वस्तुस्थितियों को तोड़ मरोड़ कर अपने स्वार्थों के हिसाब से बयान देते रहे।

2). शासन प्रशासन तथा जनता की कार्यप्रणाली में वैज्ञानिक चेतना तथा पेशेवर कार्य प्रणाली का नितांत अभाव रहा तथा ऐसा लगा कि तदर्थ कार्य पद्धतियाँ हमारे जीवन दृष्टि का हिस्सा बनी हुई हैं। इसलिए कोरोना की दूसरी लहर की आपाधापी के लिए सरकारों की प्रबंधन प्रणाली के साथ-साथ विपक्ष और नागरिक समाज, अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण तथा राजनैतिक अदूरदर्शिता को भी कठघरे में खड़ा करना होगा। बड़ी आबादी और आर्थिक अभावों के बावजूद भारत में कोरोना का अपादा प्रबन्धन बेहतर माना जाना चाहिए। जिन अन्य देशों और प्रदेशों में शासकीय और नागरिक प्रबंधन बेहतर रहा, वहां महामारी का असर भी कम हुआ । हमें अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और संस्थागत विचार प्रणाली और कार्य प्रणाली में वैज्ञानिक दृष्टिकोण राष्ट्रीय नैतिकता एवं पेशेवर प्रबन्धन को बढ़ाना होगा तभी हम एक सम्यक और तर्कसंगत राष्ट्रीय संस्कृति तथा एक आधुनिक, आत्मनिर्भर, खुशहाल और धारणीय राष्ट्र विकसित कर पाएँगें।

दूसरी कोरोना लहर में लॉकडाउन में हुई देरी की निर्णयात्मक चूक ने लगभग दो महीनों तक अस्पतालों, गलियों, श्मशानों और कब्रिस्तानों में अप्रत्याशित और अभूतपूर्व हाहाकार मचा दिया, इस महामारी की पिछली

लहर में कुछ ऐसा ही हो हल्ला प्रवासी मजदूरों के पलायन और पैदल यात्रा के दौरान भी मचा था। इससे हमारे ग्रामीण अर्थतन्त्र की बदहाली उस दौर में उल्लेखनीय रूप से उजागर हुई ।

मानवीय सभ्यता पृथ्वी पर एक नए मानवयुग में आ गयी है, जहाँ वह अपनी जननी पृथ्वी और उसकी प्रकृति से सीधे मुठभेड़ कर रही है। विज्ञान से उपजी तकनीकों, औजारों और अत्यंत विनाशक हथियारों से लैस होकर मनुष्य की सत्ता पर काबिज सताधारी समूहों के समूह ने ऐसा मान लिया है, कि वे पृथ्वी और प्रकृति की उन सभी अधिक ताकतवर हैं। पर ऐसा है, नहीं दरअसल विज्ञान को हमने अधिकतर तकनीकों, यंत्रो और अपने उपभोग के समानों के रूप में ही देखा और जाना है। ऐसा इसलिए हुआ है, कि विज्ञान को भी सत्तातन्त्र और अर्थतन्त्र ने लोकतन्त्र पर काबिज होकर अपनी पकड़ मजबूत करने और व्यक्तिगत तथा समूहगत लाभ के लिए इस्तेमाल किया है। कोई भी ज्ञान सत्ता तन्त्र और अर्थतन्त्र से निरपेक्ष नही होता। व्यवस्था पर जिनका नियंत्रण होता है, वे ज्ञान के हर स्वरूप को नियंत्रित करते हैं। जनता को ज्ञान विज्ञान का समुचित लाभ तभी मिलेगा, जब वह अपनी दीर्घकालिक विकास आवश्यकताओं और धारणीय सुख के अवयवों को ठीक तरह से पहचान पायेगी और उसे अपने हित में संचालित कर पायेगी। ज्ञान विज्ञान का दर्शन और उसके कार्य प्रणाली की सही समझ जनता और उसके वंचित समूहों के धारणीय तथा प्रकृति संगत विकास के वाहक हो सकते हैं। विज्ञान को एक दर्शन और एक कार्य विधि के रूप में लोगों के बीच ले जाने का काम लम्बे समय से छूटा हुआ है। कोरोना जैसी आपदाएं हमें प्रेरित धारणीय दुनिया के विकास में अपना योगदानद दें। पृथ्वी और प्रकृति ने कई बार यह अहसास करा दिया है, कि वह उसे ढोती नहीं रहेगी, जो उसके पूरे जैविक – अजैविक तंत्र का पूरक नहीं बनेगा। वह पूरे प्राकृतिक जाल की जननी है और किसी एक या कुछ जीव समूहों के नष्ट हो जाने पर भी अपनी यात्रा को बाधित नहीं होने देगी। वर्तमान की जलवायु परिवर्तन की संकटपूर्ण स्थितियाँ और कोरोना महामारी जैसी भयावह स्थितियाँ हमें बार बार आगाह कर रही हैं, कि हम नहीं मानें तो पृथ्वी का विशाल और शक्तिशाली तंत्र मनुष्य को भी अपनी परिस्थितिकी से किसी न किसी तरह बाहर कर देगा। मनुष्य द्वारा निर्मित यह मानवयुग जिसे कलयुग भी कहा गया है, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के सम्यक, सार्थक और व्यापक फैलाव के न होने के कारण लगातार सामूहिक संकट की ओर बढ़ रहा है और हम सचेत नहीं हैं।

राणा प्रताप

(राणा प्रताप सिंह)
www.ranapratap.in

Editorial

Being unscientific costs heavy; A reminder of Pandemic times

The Corona crisis in repeated waves has shaken the world, the nation and the mind of billions and billions with shocks and helplessness. The long awaited vaccines have come. During the second wave of corona there was alarming upsurge in the infection and deaths. The experts have assigned multiple reasons for it. The more aggressive mutants of the Corona virus are mutating for its survival throughout the world and the various strains are getting transmitted with the travellers on the opening of lockdown. In addition to the genetic mutations in the causal agent of the disease, we had massive gatherings in religious activities, festivals, marriage celebrations and public rallies during the various state and local elections coinciding to the period of the second wave of this pandemic.

There are talks in the town and TV channels that responsibilities, relations and humanitarian concerns are dying in our societies due to severe ecosystem of towards the sick and infected persons fear, confusions, false propaganda and selfishness. The helping hands are requred in the crisis time. The Governments, after a long denial were compelled to opt for the lockdown which was avoided for a month or so due to the economic concerns.

The world is divided in the multiple political and geographical boundaries with different socioeconomic, cultural, educational and scientific temper of their societies. They have different perspectives of the governance systems and the civil societies which have responded to the crisis differently after a year of its existence.

Our behaviour to the infected people and their families and the economic sufferers of poverty and income loss have risen many unavoidable burning questions. Did we fail in developing a humanitarian mindset, socioeconomic adequacy, national character, professional honesty and a scientific ecosystem as a civil society and a governance system after seven decades of independent nation? What has hampered our preparedness and forecasts even after a year of this deadly pandemic? We can't escape from such questions, if want to prepare ourselves for the predicted third wave of corona and such impacts of the future pandemics, epidemics and other disasters. It is time to analyse, understand and prepare to address the reasons for such failures and bottlenecks of our understanding and working for further disasters as a country , a huge democracy and an active partner of the in the global future.

We are living in a human age with so many technological capabilities in the hand obtained through the underlying principles of Science and Engineering. Even then the origin and primary source of this devastating corona virus is not known as yet. The dominance of political and business interests over the interest of scientific learning with true scientific aptitude and societal concerns has limited the role of science in the society in this contemporary world possessing material oriented developmental pathway with wealth dominated economic ecosystem. It lacks scientific approaches for a sustainable developmental pathway which could have been more beneficial and long lasting with a wholistic perspective of social, economic and environmental sustainability approaches. The technology can be very useful if used for benefit of larger interest of people in place of individual luxuries.

The people in general believe that science is the source for the products and services for our comfort and the useful items we are getting around us is due to use of science and its technological capabilities utilised by the commercial setups and Industries. Only a small number of people understand that the role of science can be instrumental if adopted in social behaviour , cultural activities and addressing of the societal problems. We need to understand and spread the history, principles and methods and all the possible outcomes of science to develop a modern scientific outlook to manage our problems in a more systematic, pragmatic and rational way.

Let us understand that the Science is indeed evolving the universal principles to know the knowledge which can be most nearby the truth of an unknown. It is a procedure to explore the unknown , less known or even known happenings around us with a systematic set of investigations and queries and trying to understand the

causes and possible consequences of the happenings and observations in a more logical and universal manner. One can develop technology, machines and man made engineered usable from the scientific perspective, principles and procedures. However, we must realise that as the other knowledge systems, science is also not independent to the power game, politics, economic interests and governance perspectives . Like other knowledge systems Science is also governed by the interests of society, state and market as its regulatory forces. The governance system in entire world, as a principle of politics, has a mindset of using everything for its control and capital gain to achieve power in the next round and to bear the cost of its welfare programs.

The public must undestand and use science in its own benefit. Scientific aptitute can help us for more realistic planning more professional working and more chance of success in resolving our problems. Science as a phiosophy and procedure can help us a lot in our day to day affairs, our collective gains and evolution of our societies more humanistic and more sustainable in harmony with the earth's eco systems let us think and march a head with Science for the society.

Rana Pratap

(Rana Pratap Singh)
www.ranapratap.in

विज्ञान

रक्त–जनित हेपेटाइटिस की खोजों पर मिला है इस वर्ष का मेडिसीन या फिजियोलॉजी का नोबेल पुरस्कार

❑ डॉ. यूसुफ़ अख़्तर

इस वर्ष का नोबेल पुरस्कार उन तीन वैज्ञानिकों को प्रदान किया गया है, जिन्होंने रक्त–जनित हेपेटाइटिस के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक योगदान दिया है, यह एक प्रमुख वैश्विक संक्रामक स्वास्थ्य समस्या है, जो दुनिया भर के लोगों में सिरोसिस और यकृत कैंसर का कारण बनती है। हार्वे जे. ऑल्टर, माइकल ह्यूटन और चार्ल्स एम. राइस ने वे मौलिक खोजें की जिसके कारण इस नए वायरस, हेपेटाइटिस–सी की सही पहचान हो सकी। इस काम से पहले, हेपेटाइटिस–ए और बी वायरस की खोज इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम थे, लेकिन रक्त–जनित हेपेटाइटिस के अधिकांश मामले अस्पष्टीकृत रहे। हेपेटाइटिस–सी वायरस की खोज ने क्रोनिक हेपेटाइटिस के शेष मामलों के कारण का पता लगाया और रक्त परीक्षण और नई दवाओं के आविष्कार का मार्ग प्रशस्त किया, जिसने आगे चलकर लाखों लोगों की जान बचाई है।

हेपेटाइटिस – मानव स्वास्थ्य के लिए एक वैश्विक ख़तरा

हेपेटाइटिस, यकृत और सूजन के लिए ग्रीक शब्दों के संयोजन से बना है। ये मुख्य रूप से वायरस के संक्रमण के कारण होता है, हालांकि शराब के अत्यधिक उपयोग, पर्यावरण प्रदुषण करने विषाक्त पदार्थों और ऑटोइम्यूनिटी भी इसके प्रमुख कारण हैं। 1940 में ही यह स्पष्ट हो गया था, कि संक्रामक हेपेटाइटिस के दो मुख्य प्रकार हैं। हेपेटाइटिस–ए नाम का पहला प्रकार, प्रदूषित पानी या भोजन से फैलता है, और आमतौर पर रोगी पर इसका दीर्घकालिक प्रभाव नहीं होता है। दूसरा प्रकार, रक्त और दूसरे शारीरिक तरल पदार्थों के माध्यम से फ़ैलता है और बहुत अधिक गंभीर हो सकता है, क्योंकि यह जीर्ण स्थिति का कारण बन सकता है, अंततः ये भी सिरोसिस और यकृत कैंसर के विकास का कारण बनता है, हेपेटाइटिस का यह रूप कुख्यात है, क्योंकि गंभीर जटिलताओं के उत्पन्न होने से पहले स्वस्थ व्यक्ति कई वर्षों तक चुपचाप बिना किसी लक्षण के संक्रमित रह सकता है। रक्त–जनित हेपेटाइटिस उच्च मृत्यु दर के साथ जुड़ा हुआ है, और प्रति वर्ष दुनिया भर में दस लाख से अधिक मौतों का कारण बनता है, इस प्रकार यह एचआईवी–संक्रमण और तपेदिक के के बाद वैश्विक स्वास्थ्य चिंता का सबसे महत्वपूर्ण विषय है।

वायरल हेपेटाइटिस का रोगाणु लम्बे समय तक अज्ञात था

संक्रामक रोगों के खिलाफ सफल हस्तक्षेप की कुंजी रोगाणु की पहचान करना है। 1960 के दशक में, बारूक ब्लमबर्ग ने यह पता लगाया कि रक्त–जनित हेपेटाइटिस का खतरनाक प्रारूप एक वायरस के कारण था, जिसे हेपेटाइटिस–बी वायरस के रूप में जाना जाता है, और इस खोज ने क्लिनिकल परीक्षणों के लिए एक प्रभावी टीका बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। ब्लमबर्ग को इस खोज के लिए 1976 में फिजियोलॉजी या मेडिसिन में नोबेल पुरस्कार दिया गया था। उस समय, यू एस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ में हार्वे जे.ऑल्टर उन रोगियों में हेपेटाइटिस की घटना का अध्ययन कर रहे थे, जिन्हें कभी रक्त–आधान मिला था। यद्यपि इस नयी खोज किए गए हेपेटाइटिस–बी वायरस के लिए रक्त परीक्षण ने संक्रमण से संबंधित हेपेटाइटिस के मामलों की संख्या को कम कर दिया, अल्टर और सहकर्मियों ने चिंता व्यक्त की कि अभी भी बड़ी संख्या में हेपेटाइटिस के मामले प्रकाश में आ रहे थे और उनमे हेपेटाइटिस–बी का संक्रमण नहीं पाया गया था। हेपेटाइटिस–ए के संक्रमण के लिए जांच भी इसी समय के आसपास विकसित हुई थी, और अधिक अध्ययन करने पर यह स्पष्ट हो गया कि हेपेटाइटिस–ए इन अस्पष्टीकृत मामलों का कारण नहीं था।यह चिंता का एक बड़ा स्रोत था कि रक्त संक्रमण प्राप्त करने वालों की एक महत्वपूर्ण संख्या ने अज्ञात संक्रामक रोगाणु के कारण जीर्ण–हेपेटाइटिस विकसित किया था। ऑल्टर और उनके सहयोगियों ने दिखाया कि इन हेपेटाइटिस के रोगियों में रक्त मनुष्यों के अलावा एकमात्र अतिसंवेदनशील चिम्पांज़ी बंदरों में भी रोग का संचरण कर सकता था। बाद के अध्ययनों से यह भी पता चला कि, अज्ञात संक्रामक रोगाणु एक नया वायरस की था । इस तरह से ऑल्टर और उनके शोध समूह ने पुराने वायरल हेपेटाइटिस के एक नए, विशिष्ट संस्करण को परिभाषित किया गया था। उस समय इस रहस्यमय बीमारी को ऐसे हेपटाइटिस जो न हेपटाइटिस–ए की तरह था और न ही हेपटाइटिस–बी की तरह ।

हेपेटाइटिस–सी वायरस की पहचान

इस नए वायरस की पहचान अब एक उच्च प्राथमिकता थी। वायरस पर शोध करने की सभी पारंपरिक तकनीकों का उपयोग किया गया था, लेकिन इसके बावजूद, वायरस ने एक दशक से अधिक समय लगाकर भी उसकी पहचान नहीं की जा सकी थी। फार्मास्यूटिकल कंपनी चिरोन के लिए काम कर रहे माइकल

असिस्टेंट प्रोफेसर, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, (केंद्रीय विश्वविद्यालय), लखनऊ,
ई–मेल : yusuf@daad-alumni.de

ह्यूटन ने वायरस के आनुवंशिक अनुक्रम (जीनोम सीक्वेंस) को अलग करने के लिए आवश्यक कठिन कार्य किया। ह्यूटन और उनके सहकर्मियों ने संक्रमित चिम्पांज़ी के रक्त में पाए जाने वाले न्यूक्लिक एसिड से प्राप्त डीएनए के टुकड़ों का एक संग्रह बनाया। इनमें से अधिकांश टुकड़े चिम्पांज़ी के जीनोम से ही आए थे, लेकिन शोधकर्ताओं ने भविष्यवाणी की थी, कि कुछ अज्ञात टुकड़े ज़रूर वायरस से प्राप्त हुए होंगे। उन्होंने अनुमान लगाया, कि वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी हेपेटाइटिस के रोगियों से लिए गए रक्त में मौजूद होगी, जाँचकर्ताओं ने क्लोन किए गए वायरल डीएनए अंशों की वायरल प्रोटीन की पहचान करने के लिए रोगी के रक्त से प्राप्त सीरम का उपयोग किया। व्यापक कोशिशों के बाद, एक सकारात्मक क्लोन पाया गया। आगे के काम से पता चला कि यह क्लोन फ्लेविवायरस परिवार से संबंधित एक नए आरएनए वायरस से लिया गया था, और इसे हेपेटाइटिस–सी वायरस का नाम दिया गया था। अन्ततः क्रोनिक हेपेटाइटिस रोगियों में एंटीबॉडी की उपस्थिति ने इस लापता रोगाणु की पहचान करवाई ।

इस शानदार खोज का सारांश

हार्वे जे.ऑल्टर शोध समूह द्वारा रक्ताधान–संबंधी हेपेटाइटिस के पद्धतिगत अध्ययनों से पता चला कि, एक अज्ञात वायरस क्रोनिक हैपेटाइटिस का कारण था। माइकल ह्यूटन ने हेपेटाइटिस–सी वायरस नाम के नए वायरस के जीनोम को अलग करने के लिए एक बिलकुल नई रणनीति का इस्तेमाल किया। चार्ल्स एम. राइस ने अंतिम साक्ष्य प्रदान करते हुए कहा, कि हेपेटाइटिस–सी वायरस अकेले ही हेपेटाइटिस का कारण बन सकता है।

हेपेटाइटिस–सी वायरस की खोज निर्णायक थी; लेकिन पहेली का एक आवश्यक टुकड़ा अभी ज्ञात नहीं थाः क्या वायरस अकेले हेपेटाइटिस का कारण बन सकता है? । चार्ल्स एम. राइस, सेंट लुइस में वाशिंगटन विश्वविद्यालय के एक शोधकर्ता थे, उनका शोध समूह आरएनए वायरस के साथ काम करने वाले अन्य समूहों के साथ, हेपेटाइटिस–सी वायरस जीनोम के अंत में पाए जाने वाले एक पहले से अविकसित क्षेत्र का उल्लेख किया, कि उन्हें संदेह है कि वायरस की प्रतिकृति बनाने के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। राइस ने अलग–थलग वायरस के नमूनों में आनुवांशिक बदलाव भी देखे और परिकल्पित किया, कि उनमें से कुछ वायरस प्रतिकृति में बाधा डाल सकते हैं। आनुवांशिक इंजीनियरिंग के माध्यम से, राइस ने हेपेटाइटिस–सी वायरस का एक आरएनए वैरिएंट बनाया, जिसमें वायरल जीनोम का नव परिभाषित क्षेत्र शामिल था, और निष्क्रिय आनुवंशिक परिवर्तनों से मुक्त था। जब इस आरएनए को चिंपांजियों के जिगर में इंजेक्ट किया गया था, तो रक्त में वायरस का पता लगाया गया था और जीर्ण रोग वाले मनुष्यों में देखे जाने वाले रोग परिवर्तन देखे गए । यह अंतिम प्रमाण था कि हेपेटाइटिस–सी वायरस अकेले रक्ताधान–मध्यस्थता वाले हेपेटाइटिस के अस्पष्टीकृत मामलों का कारण बन सकता है।



नोबेल पुरस्कार से सम्मानित खोज का महत्व

हेपेटाइटिस–सी वायरस की नोबेल पुरस्कार विजेता की खोज वायरल बीमारियों के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। वायरस के लिए अत्यधिक संवेदनशील रक्त परीक्षण अब उपलब्ध हैं, और ये अनिवार्य रूप से दुनिया के कई हिस्सों में रक्ताधान से होने वाली हेपेटाइटिस को खत्म कर चुके हैं, इससे वैश्विक स्वास्थ्य में बहुत सुधार हुआ है। उनकी खोज ने हेपेटाइटिस–सी के लिए एंटीवायरल ड्रग्स के विकास की गति को कहीं तेज़ी प्रदान कर दी। इतिहास में पहली बार, अब बीमारी को ठीक किया जा सकता है, जिससे दुनिया की आबादी से हेपेटाइटिस–सी वायरस के उन्मूलन की उम्मीद बढ़ जाती है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, रक्त परीक्षण की सुविधा प्रदान करने और दुनिया भर में एंटीवायरल ड्रग्स उपलब्ध कराने के अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों की आवश्यकता होगी । इन तीन नोबेल पुरस्कार विजेताओं द्वारा किये गए शोध के परिणामों के फलस्वरूप, जीर्ण–हेपेटाइटिस में वायरस संक्रमण का पता लगाने वाले संवेदनशील रक्त परीक्षण के विकास में मदद मिली है, जिसने दुनिया के एक बड़े हिस्से में संक्रमण द्वारा होने वाली हेपेटाइटिस के जोखिम को अब लगभग समाप्त ही कर दिया है। इस सफलता ने एंटीवायरल दवाओं के विकास को भी मुमकिन किया, जो बीमारी का इलाज कर सकती हैं। हेपेटाइटिस–सी एक प्रमुख वैश्विक स्वास्थ्य चिंता का विषय बना हुआ था, लेकिन रोग को खत्म करने के लिए अब अवसर मौजूद है।

खेती-बाड़ी

जलवायु परिवर्तन के दौर में जैविक खेती की प्रासंगिकता : विधि एवं लाभ

❑ डॉ0 शिव मंगल प्रसाद, श्री पंकज कुमार सिंह, श्रीमती निकिता कुमारी एवं डॉ0 रंजय कुमार सिंह

अपने देश भारत में विगत के दशकों में रासायनिक खादों के उपयोग से फसल उत्पादन में बहुत ज्यादा बढोत्तरी हुई है ,हम खाद्यान उत्पादन में आत्मनिर्भर तो हुए हैं पर इस सफलता में पर्यावर्णीय क्षति के लक्षण दिखाई देने लगे हैं . ऐसा लगने लगा है कि रासायनिक खेती सदा निभने वाली खेती या टिकाऊ खेती नहीं है. रसायनों पर निर्भरता को कम करते हुए तथा जैविक खेती का समायोजन करते हुए समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन कर हम रसायनों के दुष्प्रभाव को कम कर सकते हैं एवं वांछित उत्पादन तथा उतरोत्तर वृद्धि दर हासिल कर सकते हैं . समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन के अंतर्गत फार्म यार्ड मैन्योर (एफ वाई एम्),हरी खाद,संवर्धित खाद एवं केंचुआ खाद इत्यादि का विशेष महत्त्व है जिनकी चर्चा हम आगे करेंगें .

फार्म यार्ड मैन्योर (एफ वाई एम)– फार्म यार्ड मैन्योर का निर्माण मवेशी(गाय/भैंस)के गोबर, मूत्र,घास–पात इत्यादि को मिला कर तैयार किया जाता है.इसमें सारे पोषक तत्व कम–कम मात्रा में पाए जाते हैं पर यह मिटटी की उर्वरता एवं स्वास्थ्य को बढ़ाने में सस्ता एवं पर्यावरण के लिए अच्छा खाद है.इसे तैयार करने के लिए हौज निर्माण करने की जरूरत होगी जिसके उपर छज्जा ,छत देने जरुरत होती है जो धूप की तेज किरणों एवं वर्षा की तेज बौछारों से खाद को बचाये. गोबर,मूत्र अन्य जैव पदार्थों को मिलाकर प्रत्येक दिन उस हौज में स्तरों में डालते जाते हैं. हौज के भर जाने के 6 महीनों के बाद फार्म यार्ड मैन्योर बन कर तैयार हो जाता है. फसलों के आधार पर इन्हें 250 से 300 क्विंटल प्रति हेक्टर की दर से देने की अनुशंसा की जाती है. फार्म यार्ड मैन्योर के अलावा

कम्पोस्ट बनाने की विधियों में नाडेप विधि भी बहुत ही अच्छी विधि है यह महाराष्ट्र राज्य के यवतमाल जिले के कृषक श्री नारायण देव पंडरी पांडे (नाडेप काका) द्वारा विकसित की गयी है. इसमें 120 दिनों में खाद बन कर तैयार हो जाता है. इसमें कम्पोस्ट बनाने वाले हौज जिसका आकार 12X5X3 जि एवं दीवारें जालीदार होती है. इसमें तीन परतों में विभिन्न तरह के जैव पदार्थ भरे जाते हैं.हौज भरने से पहले 15 लीटर पानी में 10–12 किलो गोबर घोल कर अन्दर की दीवारों और नीचे फर्श पर छिडकाव करें फिर पहली परत में पत्तों,फसल अवशेष इत्यादि को मिलाकर 15 से.मी.(लगभग 100 – 110 किलो ग्राम)का स्तर दें.इसके बाद गोबर के घोल का (5 किलो गोबर + 125 लीटर पानी) स्तर दें. इस गीले परत के उपर सुखी चाली हुई मिटटी (कंकड़,प्लास्टिक इत्यादि से मुक्त)50 से 60 किलोग्राम बिछा दें।

इसी क्रम को दोहराते हुए हौद को मुंह के उपर तक डेढ़ फीट झोपडी नुमा भरें . इसमे यद् राहे कि सबसे उपर वाला स्तर मिटटी का हो और उसे गोबर के घोल से लिप कर बंद कर छोड़ दें. लगभग एक महीनों बाद पत्तों,फसल अवशेषों इत्यादि के अपघटन के बाद वह दब जाता है उसके उपर से पूरा दबाकर फिर से भर एवं लिप कर 3.5 से 4 महीनों के लिए छोड़ दें.इस अवधि के बाद एक हौज से लगभग तीन टन उत्तम क्वालिटी का नाडेप खाद प्राप्त होगा।

हरी खाद – हरे पत्तों को मिटटी में दबाने तथा मिटटी की दशा को सुधारने की क्रिया को हरी खाद देना कहा जाता है यह दो प्रकार से किया जाता है . कहीं से वांछित हरी पत्तियां लाकर मिटटी में मिलाना एवं जिस खेत में हरी खाद देना हो उसी में उगाकर मिटटी पलटने वाले हल से दबा देना. हरी खाद की दूसरी विधि ज्यादा प्रचलित है. हरी खाद की फसलों में ढैंचा, सनई, ग्वार, मूंग, लोबिया, बरसीम, उरद, सेंजी, रिजका इत्यादि हैं.धान की फसल से पहले मई के महीने में होने वाली वरिश का फायदा उठाते हुए खेत की जुताई करके

1–3 केन्द्रीय वर्षाश्रित उपराउं भूमि चावल अनुसंधान केंद्र, हजारीबाग 4 कृषि विज्ञान केंद्र, चतरा, झारखण्ड
Email:smp_crri@yahoo.in

प्रति हेक्टेयर की दर से हरी खाद के बीज (25–30 किलो) को खेत में समान रूप से विखेर दिया जाता है साथ में थोड़ी डी ए पी(40–50 किलो) एवं पोटाश(25 –30 किलो) को भी. फिर वो फसलें जब 40–45 दिनों की हो जाये तब मिटटी पलटने वाले हल से खेत में ही जोत कर दबा दी जाती है जो मौनसून की शुरुआत होने पर गल जाती है एवं बहुत बड़े मात्रा में पोषक तत्व एवं जैव पदार्थ उपलब्ध करते हैं. ढैंचा, सनई ,ग्वार ,मूंग ,लोबिया,बरसीम,उरद,सेंजी,रिजका इत्यादि सभी सिम्ब वाली (फलीदार)फसलें हैं जो जल्द बढ़वार करती है और भूमि में नत्रजन भी स्थिर करती है।

हरी खाद के लाभ :–

1. मृदा की संरचना में सुधार होने के कारण फसलों की जड़ों का फैलाव अधिक होता है।
2. हरी खाद से मृदा उर्वरकता के ह्रास की भरपाई हो जाती है।
3. मृदा जनित रोगों में कुछ कमी आती है।
4. खरपतवारों को रोकने में सहायक है।
5. रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग में कमी ला सकते है और टिकाऊ खेती का आरम्भ कर सकते हैं।
6. हरी खाद से भूमि में नत्रजन स्थरीकरण होता है जो परवर्ती फसल को लाभ पहुंचाता है।

वर्मी कम्पोस्ट या केंचुआ खाद– केंचुए की कुछ विशेष प्रजातियों (आईसीनिया फोयटीडा एवं यूड्रीलस युजिनी) का उपयोग करके गोबर एवं अन्य जैविक पदार्थों को केंचुआ खाद में बदला जाता है. ये गोबर एवं अन्य जैविक पदार्थों को खाकर बहुत ही उत्तम क्वालिटी का खाद बना देता है.केंचुओं की संख्या के आधार पर इसे बनने में ढाई से तीन महीने लग जाते हैं. इसमें साधारण कम्पोस्ट की तुलना में पोषक तत्वों की ज्यादा मात्रा तो होती हो है साथ ही विटामिन, एंजाइम, हारमोन इत्यादि भी मौजूद रहते हैं जो फसल को बहुत लाभ पहुंचाते हैं। वर्मी कम्पोस्ट बनाकर अनेक प्रकार के लाभ लिए जा सकते हैं.यह स्वरोजगार का भी एक साधन है इसलिए युवाओं को भी यह आकर्षित कर रहा है। युवक या किसान

केचुआ,वर्मी कम्पोस्ट तथा वर्मी वाश इत्यादि बेच सकते हैं।

वर्मी कम्पोस्ट बनाने की विधि–

- किसी ऊँचे एवं छायादार जगह का चुनाव करें जहाँ बरसात में पानी न लगता हो तथा छाँव बनी राहे.
- बेड या हौज की लम्बाई 10 फीट, चौडाई 4 फीट और ऊँचाई 3 फीट रखते हुए पांच इंच की दीवार सीमेंट, ईंट, बालू की सहायता से बनायें,बेड के तल को दो इंच का ढाल रखते हुए समतल करने की जरुरत है. बेड के नीचे वाले साइड में एक छोटा सा छेद छोड़े जिससे कि अतिरिक्त पानी निकलता रहे। वहां प्लास्टिक का पतला पाईप भी डाल सकते हैं।
- बेड को पूरी अच्छी तरह से पलस्तर नहीं करना है, अन्दर की तरफ से सीमेंट और बालू का कड़ा मिश्रण बनाकर जुडाई वाले जगहों को समतल कर देना है।
- बेड की भराई करने से पूर्व अन्दर की दीवारों पर गोबर का घोल छिडकाव करें.भराई करने वाले पदार्थों (गोबर, घास फूस, खर पतवार, सब्जी बाजार के कचड़े,रशोई घर के कचड़े इत्यादि) को एक जगह एकत्रित करके 25–30 दिनों के लिए छोड़ें और कभी–कभी उसे मिलाते रहें जिससे वह डीकम्पोज होने की प्रक्रिया में आ जाये तब वर्मी कम्पोस्ट वाले बेड में डालें.बेड को थोड़ा(5–6 इंच)खाली छोड़ना है।
- फिर आईसीनिया फोईटीडा/यूड्रीलस यूजिनी नामक केचुआ को 5 किलो(उपरोक्त बताये गए आकार के बेड)छोड़ें। वर्मी कम्पोस्ट बेड के उपर छावनी की जरुरत वर्षादृधूप से वचाव हेतु होगी.यह छप्पर किसी भी प्रकार का हो सकता है जो पानी और धूप से बचाव कर सके।
- केंचुआ छोड़ने के बाद झरने/हजारे से पानी का छिडकाव करें फिर टाट या जूट वाली बोरी या पुआल से ढँक दें।
- दो–तीन दिनों के अन्तराल पर इसे उलट–पुलट करना है,पानी का छिडकाव करना है एवं फिर ढँक देना है।

- 70 –75 दिनों बाद पानी देना बंद कर बेड को खुला छोड़ दें और बीच–बीच में पलटाई करते रहें ताकि खाद सूखने लगे.80–85 दिनों बाद खाद को 2 मि.मी.वाली जाली से छानना पड़ता है।
- क्या नहीं दें – प्लास्टिक, लोहा, कांच, पत्थर, काँटा, साबुन का पानी,अंडा का छिलका इत्यादि जो अपघटित ना हो और आपके हांथों को नुकसान पहुंचाए, वैसे वस्तु न डालें।
- तैयार वर्मी कम्पोस्ट में किसी भी प्रकार का अवांछित गंध नहीं होता है,यह चाय की पत्ती जैसा दिखने में होता है और हल्का होता है।
- प्रयुक्त होने वाले कुछ मुख्य सामान– टोकरी, कुदाल, बेलचा, चलनी, हजारा, बाल्टी, मग, पंजा, जूट की बोरी, टाट इत्यादि।

वर्मी कंपोस्ट के लाभः–

1. भूमि के भौतिक तथा जैविक गुणों में सुधार होता है स
2. मृदा संरचना तथा वायु संचार में सुधार होता है।
3. नाइट्रोजन स्थिरीकरण करने वाले जीवाणुओं की संख्या में वृद्धि होती है।
4. कूड़े–कचरे से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकता है
5. वर्मी कम्पोस्ट एक लघु कुटीर उधोग के रूप में स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करता है।
6. फलों एवं सब्जियों की गुणवत्ता में वृद्धि होती है।
7. यह रासायनिक उर्वरक की खपत कम करके मृदा स्वास्थ्य को बढाता है।
8. मानव स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है क्योंकि उनको रसायन मुक्त सब्जियां मिलती है।
9. जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा सकता है।

बाल-कविता

मैं

कुमारी अनिका मिश्रा

कितनी सुन्दर, कितनी कोमल, प्यारी प्यारी लगती हूँ,

मैं हूँ भोली, कन्ठ कोकिला, दिन भर गाती रहती हूँ।

गोले, गोले मामा बोले, अक्कू, लक्कू नाम मेरा,

थकती नहीं खेल कर दिन भर, धमाचौकड़ी काम मेरा।

पकड़ा–पकड़ी खेलूँ मैं, नाचूँ मैं ता ता ता थैय्या,

करुँ शरारत, मेरे बदले, मार खाय मेरा भैय्या।

जब आती है मेरी सहेली, मुझे न पुस्तक भाती है,

आँख लगे तो उसकी आहट नींद उड़ा ले जाती है।

गरम पकोड़े, कोक, कचौड़ी, केक, समोसा खाऊँगी,

देख दाल, तरकारी, रोटी नखरे लाख दिखाऊँगी।

मुझको तो हर विद्या प्यारी, चित्र कला, विज्ञान, खगोल,

गणित, चिकित्सा, नर्तन भाये, अच्छा लगता है भूगोल।

संस्कृत पढ़ कर सीखा मैंने, विनय, वन्दना बहुत महान,

इस भाषा में भरा हुआ है जीवन का सारा विज्ञान।

कविता का अब मूड नहीं है, मेरी सहेली आई है,

बाय–बाय माँ !!! लगता है वह नया खिलौना लाई है।

134 / 4C, Kalpataru Riverside, Takka, Panvel, Navi Mumbai – 410 206.
Email : bpd53@yahoo.co.in

वर्मी कम्पोस्टः केंचुए का कृषि में महत्त्वपूर्ण योगदान

❑ डॉ0 बरखा वैश्य, श्री वैभव श्रीवास्तव, डॉ0 राजीव प्रताप सिंह

क. भूमिका

आज की सघन खेती के युग में भूमि की उर्वराशक्ति बनाये रखने के लिए प्राकृतिक खादों में गोबर की खाद, कम्पोस्ट एवं हरी खाद मुख्य है। कम्पोस्ट बनाने के लिए फसल के अवशेष, पशुशाला का कूड़ादृकरकट व गोबर को गड्ढे में सड़ाया जाता है। इस प्रक्रिया में ज्यादा समय लगता है तथा पोषक तत्वों का भी नुकसान होता है। साधारण कम्पोस्टिंग प्रक्रिया में ज्यादा समय लगने के साथ–साथ पर्यावरण भी दूषित होता है। पिछले कुछ सालों से कम्पोस्ट बनाने की एक नई विधि विकसित की गई है जिसमें केंचुआ का प्रयोग किया जाता है। इसे "केंचुआ खाद या वर्मी कम्पोस्ट" कहते है। केंचुआ खाद प्लास्टिक, शीशा, पत्थर के अलावा किसी भी स्वतः सड़नशील चीज जैसे कूड़ा–करकट, फसल–अवशेष, गोबर, जूट के सड़े हुए बोरे आदि से बड़ी आसानी से बनाया जा सकता है।

केंचुआ बहुत अधिक मात्रा में खाना खाने वाले होते हैं, वे स्वतः सड़नशील (बायोडिग्रेडबल) पदार्थ का भक्षण करते हैं और उसका कुछ भाग अपशिष्ट पदार्थ या वर्मिकास्टिंग्स के रूप में बाहर छोड़ते हैं। पोषक तत्वों से युक्त वर्मी–कास्टिंग पौधों के लिए एक लाभकारी खाद है। यह कृमि खाद, पोषक तत्वों की आपूर्ति एवं पौधों में हार्मोन्स को बढ़ाने के अलावा, मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार लाते है जिससे मिट्टी द्वारा पानी और पोषक तत्व धारण करने की क्षमता में वृद्धि होती है। इसकी लागत प्रति कि.ग्रा. 2.0 रु. से भी कम होने के कारण, इसे 6.0 से 8.0 रु. प्रति कि.ग्रा. तक बेचने से भी काफी लाभप्रद है।

ख. प्रक्रिया

वर्तमान में कृषि कचरे, गाय के गोबर तथा फसलों के अवशेष इत्यादि के साथ कॅचुओं का उपयोग कर खाद बनाने की प्रक्रिया धीरे धीरे प्रचलित होती जा रही है। केचुआ खाद बनाने की प्रक्रिया को उथले गड्ढों, ईंटो से बनी क्यारी एवं वर्मीकम्पोस्टिंग बैग में किया जा सकता है ताकि केंचुओं को इस प्रक्रिया के दौरान बनने वाली ऊष्मा से बचाया जा सके अन्यथा वे मर सकते हैं। केचुए क आवागम न (मूवमेंट) को सुनिश्चित करने के लिए उसकी निचली एवं पार्श्व दीवारों को एक प्लस्टिक के आवरण से ढक देते है। तत्पश्चात, कृषि कचरे, गाय के गोबर, फसल अवशेष को उसमे डालकर केचुए को छोड़ दिया जाता है. साधारणतः 20–25 दिन पुराने गोबर को इस प्रक्रिया के लिए उपर्युक्त मन जाता है अन्यथा नए अपरिपक्व गोबर द्वारा उत्पन्न ऊष्मा से केचुए मर सकते है। उनके द्वारा अपशिष्ट पदार्थ को तीव्रता से बाहर छोड़ने के लिए सामान्य तापक्रम लगभग 25–30 डिग्री सेंटीग्रेड के आसपास रखा जाता है। अंततः इस प्रक्रिया द्वारा उत्पन्न उत्पाद को वर्मी–कम्पोस्ट कहा जाता है जो केंचुओं द्वारा खाये गए जैविक पदार्थों के अपशिष्ट से बनता है। इसी प्रकार केचुआ खाद बनाने की प्रक्रिया को चारों तरफ से खुले एक शेड के अंदर ईंटों से बने 0.9 से 1.5 मीटर तक चौड़ा तथा 0.25 से 0.3 तक ऊंची क्यारियों में भी किया जा सकता है ।



चित्र 1: केचुए का जीवन चक्र

वाणिज्यिक उत्पादन के लिए वर्मीकम्पोस्टिंग की प्रक्रिया को वर्मीकम्पोस्टिंग बैग अथवा ईंट से बनी हौद (बेड) में भी किया जा सकता है। सामान्यतः वर्मीकम्पोस्टिंग बैग 12 फ़ीट लम्बा, 4 फ़ीट चौड़ा और 2 फ़ीट ऊंचा होता है जबकि ईंट से बनी हौद 15 मीटर तक लंबा, 1.5 मीटर तक चौड़ा तथा 0.6 मीटर तक ऊंची बनाई जा सकती है। हौद की लंबाई सुविधानुसार बनायी जा सकती है, परंतु उसकी चौड़ाई तथा ऊंचाई नहीं बढ़ाई जा सकती है क्योंकि चौड़ाई अधिक रखने से संचालन सुविधा प्रभावित होती है तथा ऊंचाई अधिक रखने से गर्मी के कारण तापक्रम बढ़ सकता है।

वर्मीकम्पोस्टिंग बैग एवं हौद में गोबर तथा कृषि कचरे को इस तरह लगया जाता है जिससे की 0.6 – 0.9 मीटर का ढेर

पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी–05
rajeevprataps@gmail.com

लग जाए। परतों के बीच प्रति घनमीटर क्यारी आयतन में 350 केंचुओं को रखा जा सकता है जिसका वजन लगभग 1 किलोग्राम होता है। क्यारी पर पानी का छिड़काव कर 60–70 तक नमी और 20–30 डिग्री सेंटीग्रेड तापक्रम रखा जाता है। वर्मीकम्पोस्टिंग इकाई पुराने जूट के बोर से ढक देते है ताकि उसे बाहरी उष्मा से बचाया जा सके एवं तापमान को नियंत्रित किया जा सके। जब उत्पादन का लक्ष्य व्यावसायिक पैमाने पर हो तो आरंभ में उत्पादन लागत के अतिरिक्त पूंजीगत वस्तुओं में निवेश की ज्यादा जरूरत होती है। प्रति टन उत्पादन क्षमता के लिए पूंजीगत लागत लगभग 5000/– से 6000/– तक आती है।

ग. खाद रखने का तरीका

इस खाद को छाया में सुखाकर इसकी नमी कम करी जाती है। इससे यह रखने योग्य हो जाता है। सूखने के पश्चात खाद को बोरे में एक साल की अवधि तक के लिए रखा जा सकता है। केंचुआ खाद का इस्तेमाल करते समय यह ध्यान में रखना चाहिए कि खेत में किसी तरह की रासायनिक खाद तथा किसी प्रकार की दवा का इस्तेमाल न हो।

घ. केंचुआ खाद की प्रयोग दृ विधि

1. खेत में अंतिम जुताई के समय 20 से 30 क्विंटल प्रति हेक्टेयर में केंचुआ खाद डालकर जुताई करें।
2. बीज बोने से पहले पंक्ति में इसे अच्छी तरह मिट्टी में मिला दें अथवा पौधा लगाने से पूर्व इसको अच्छी तरह डाल दें।
3. मिट्टी चढ़ाने के समय भी इसे डाला जा सकता है।
4. गुड़ाई के समय केंचुआ खाद पौधों की जड़ों में डालकर मिट्टी से ढंक दें अथवा पौधों की रोपाई एवं बीजों की बुआई के समय केंचुआ खाद डालकर बुआई रोपाई करें।

ङ. सुझाव

1. अच्छे परिणाम के लिए पुवाल, सूखी पत्ती, फसलों के अवशेष आदि का उपयोग केंचुआ खाद बनाने के लिए करना चाहिये।
2. पानी छोड़ने वाली चीज़ें (टमाटर, लौकी इत्यादि) और प्याज के छिलके, रसोई की झूठन आदि का उपयोग वर्जित है।
3. वर्मीकम्पोस्टिंग के लिए छायेदार जगह का प्रयोग करना चाहिए।
4. नए गोबर का प्रयोग वर्जित है।

चित्र 2: वर्मी-कम्पोस्ट बैग

च. केंचुआ खाद प्रयोग करने से लाभ

1. केंचुआ खाद को भूमि में बिखेरने से तथा भूमि में इनकी सक्रियता से भूमि भुरभुरी एवं उपजाऊ बनती है जिससे पौधों की जड़ों के लिए उचित वातावरण बनता है। इससे उनका अच्छा विकास होता है।
2. केंचुआ खाद मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की वृद्धि करता है तथा भूमि में जैविक क्रियाओं को निरंतरता प्रदान करता है।
3. केंचुआ खाद में आवश्यक पोषक तत्व प्रचुर एवं संतुलित मात्र में होते हैं, जिससे पौधे संतुलित मात्रप में विभिन्न आवश्यक तत्व प्राप्त कर सकते हैं।
4. केंचुआ खाद के प्रयोग से मिट्टी भुरभुरी हो जाती है, जिससे उसमें पोषक तत्व एवं जल संरक्षण की क्षमता बढ़ जाती है व हवा का आगमन भी मिट्टी में ठीक रहता है।
5. केंचुआ खाद चूँकि बायोडिग्रेडेबल कूड़ा–करकट, गोबर व फसल अवशेषों से तैयार की जाती है अतः गंदगी में कमी करती है और पर्यावरण को सुरक्षित रखती है।
6. केंचुआ खाद टिकाऊ (सतत) खेती के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है तथा यह जैविक खेती की दिशा में एक नया कदम है।

छ. वर्मी–कम्पोस्ट से आर्थिक लाभ

केंचुओं द्वारा कचड़े का कम्पोस्ट में परिवर्तित होने के साथ–साथ केंचुओं की संख्या पहले से कम से कई गुना बढ़ जाती है। इस प्रक्रिया को लगातार करने से पूरे वर्ष कम्पोस्ट तैयार किया जा सकता है। औद्योगिक स्तर पर इसे तैयार करने से एक चक्र में उत्पादक को लगभग 10,000 रुपये का लाभ होता है।

चित्र 3: वर्मी-कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया एवं उसके लाभ

खेती-बाड़ी

''प्लास्टिक ट्रे'' शंकर सब्जियों की उत्तम पौध तैयार करने की एक नवीनतम विधि

❑ श्री [1]सूर्य प्रताप सिंह, श्रीमती वर्षा रानी एवं प्रो0 आर.एस. सेंगर[1]

''जो जैसा बोएगा वैसा ही काटेगा'' इसीलिए जो पौध अपनी शुरूआत से ही स्वस्थ होगी, वहीं विकसित होकर अधिक एवं उत्तम उपज प्रदान करती है। वैसे भी कहा गया है कि उत्तम फसल किसान के अच्छे जीवन या खुशहाल जीवन एवं राष्ट्र की आर्थिक उन्नति का आधार है। वर्तमान में प्रगतिशील किसान सब्जियों की पौध का उत्पादन एक विशेष विधि से करने लगे हैं। हमारे देश में आमतौर पर किसान अपने खुले खेत में ही पौधे उगाते रहे हैं, लेकिन खुले में पौध उगाने की कमियों/हानियों से अब हम सब लोग अच्छे प्रकार से परिचित है। इनके अन्तर्गत जैसे बीजों का अंकुरण कम होना, धूप, वर्षा और के कारण बहुत से पौधों का खराब होना, पौधों की आपसी प्रतिस्पर्धा से होने वाला असंतुलित विकास, रोपाई के समय पौधों की जड़ों में जख्म होना आदि। किसानों के द्वारा खुले में पौधे उगाने से लगभग 30 प्रतिशत पौधे नष्ट हो जाते हैं और रोपाई के बाद भी लगभग 10 प्रतिशत पौधे नष्ट हो जाते हैं। ट्रे में उगाए गए पौधों का रोपण अच्छा होने से अधिक फसल मिलती है। पौधे तैयार करने की एक नवीनतम विधि ''प्रो ट्रे, प्लस ट्रे या फ्लेट ट्रे'' आदि को विकसित किया गया है। जिससे कम समय में अच्छी गुणवत्ता वाली पौध तैयार की जा सकती हैं। क्योंकि इस विधि से पार्श्व जड़ों का विकास अधिक होता है इससे पौध जल्दी

पॉलीथीन थैली एवं प्लास्टिक ट्रे का तुलनात्मक विवरण

क्र.सं.	पॉलीथीन थैली	प्लास्टिक ट्रे
1.	पॉलीथीन थैली भरने के लिए पॉस्टिंग मिश्रण (मिट्टी, रेत एवं खाद) की आवश्यकता अधिक मात्रा में होती है।	प्लास्टिक ट्रे मुख्य जड़ के विकास को अवरूद्व कर पार्श्व जड़ों के विकास को प्रोत्साहित करती हैं जिससे पौधों को खेत में शीघ्र ही स्थापित होने में सहायात प्राप्त होती है।
2.	पॉलीथीन थैली से पौधों की जड़ें निकलकर अन्दर की ओर जमीन में चली जाती है, जिससे पार्श्व जड़ों का विकास कम होता है। इसके अतिरिक्त मुख्य जड़ें ऊपर की ओर मुड़ जाती हैं। जिससे रोपण के बाद खेत में स्थापित होने में अधिक समय लगता हैं और पाघों की मृत्युदर भी अधिक ही रहती है।	पौधों में मूल वलयन की शिकायत नही होती हैं
3.	पॉलीथीन थैली का आकार बहुत बड़ा होता है, जिसके चलते नर्सरी में अधिक स्थान की आवश्यकता होती है।	नर्सरी में कम स्थान उपलब्ध होने पर भी अच्छे पौधे तैयार किए जा सकते हैं।
4.	पॉलीथीन थैली में लगे पौधों के स्थानान्तरण में परिवहन व्यय अधिक होता है और पौधों को क्षति भी अधिक होती है।	इस विधि से पौध तैयार करने में व्यय कम आता है, क्योंकि इसमें पॉट मिश्रण कम लगने के साथ ही यह परिवहन में भी सुविधाजनक रहता हैं साथ ही परिवहन के दौरान पौधों को होने वाली क्षति से बचाया जा सकता हैं।
5.	पॉलीथीन थैली का उपयोग करने के बाद उसका उपयोग फिर से नही किया जा सकता और प्रतिवर्ष नई पॉलीथीन थैली खरीदनी पड़ती हैं जिससे व्यय बढ़ता हैं । इसके अतिरिक्त पौधों को रोपित करने के बाद इन थैलियों को रोपित स्थल पर आस–पास ही फेंक दिया जाता है और ये नष्ट भी नही होती है जिससे पर्यावरण को हानि पहुँचती है।	प्लास्टिक ट्रे में एक बार पौधा तैयार करने के बाद उसका पुनः उपयोग किया जा सकता है। अतः इसको बार–बार खरीदने की आवश्यकता नही पड़ती है।

जे0 एस0 विश्वविद्यालय, शिकोहाबाद, उत्तर प्रदेश। [1]सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय, मेरठ
ई–मेल : sengarbiotech7@gmail.com

ही खेत में स्थापित हो जाती है।

प्रो ट्रे, प्लग ट्रे अथवा फ्लैट ट्रे क्या है?:– प्लग ट्रे प्लास्टिक का बना होता है जिसमें अनेक रूट ट्रेनी बने होते हैं। प्रो ट्रे के दोनों से शंकु आकार के एवं खुले हुए होते हैं और इसके भीतर की और ऊपर से नीचे तक 6 लंबवत उभर होते हैं जो पौधे

